हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, गुरुवार, 23 जुलाई 2026

[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]

तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

2 वनकर्मी के क्वार्टर में पढ़ रहे 38 बच्चे



## खबर संक्षेप

### लंबे समय से अनुपस्थिति पर आंबा सहायिका सेवा से पृथक

**राजपुर।** महिला एवं बाल विकास विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार विकासखंड राजपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत मरकाडांड़ के आंगनबाड़ी केन्द्र आमाटीकरा की आंगनबाड़ी सहायिका श्रीमती सावित्री सांडिल्य को लंबे समय से अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित रहने के कारण सेवा से पृथक कर दिया गया है। महिला एवं बाल विकास विभाग ने बताया कि चयन समिति के अनुमोदन उपरांत संबंधित आंगनबाड़ी सहायिका को सेवा से पृथक करने की कार्रवाई की गई है।

### खेत की जोताई के दौरान पलटा ट्रैक्टर, युवक की मौत

**रामानुजगंज।** त्रिकुंडा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम शारदापुर के पतराटोला खेत की जोताई के दौरान ट्रैक्टर पलटने से एक युवक की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार शारदापुर निवासी अजय आ. देवबली (25 वर्ष) अपने खेत में ट्रैक्टर से जोताई कर रहा था। इसी दौरान अचानक ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया जिससे अजय वाहन के नीचे दब गया। दुर्घटना में गंभीर चोट लगने से युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण और परिजन मौके पर पहुंच गए। काफी प्रयास के बाद ट्रैक्टर के नीचे दबे अजय को बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। सूचना पर त्रिकुंडा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा पश्चात शव को पोस्टमार्टम के लिए वाड्रफनगर सिविल अस्पताल भेज दिया। पुलिस ने प्रारंभिक जांच में इसे दुर्घटनावश हुई मौत माना है तथा मामले की विस्तृत जांच जारी है।

### मेडिकल कॉलेज अस्पताल मे विचाराधीन बंदी की मौत

**अम्बिकापुर।** हत्या के मामले में केन्द्रीय जेल भेजे गए विचाराधीन बंदी की अचानक तबियत खराब हो जाने से मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। हत्या के मामले में विचाराधीन बंदी रामानुजगंज जेल में निरुद्ध था। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार शंकरगढ़ थाना अंतर्गत ग्राम पेण्डारडीह निवासी विफना पहाड़ी कोरवा आ. स्व. जरहा पहाड़ी कोरवा (39 वर्ष) 1 मार्च 2025 की सुबह परिवार के सदस्यों के साथ घर के पास आग ताप रहा था। इसी बीच मां व बेटा व बहू के घर चले जाने के बाद विफना अपनी पत्नी पुनी बाई के साथ अलाव के पास ही बैठे रहे। इसी बीच किसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हो गया। विवाद बढ़ जाने पर विफना जलते लकड़ी से पत्नी को शरीर को दाग खरोच कर रहा था। पति द्वारा जलते लकड़ी से हमला करने तथा गंभीर चोट लगने से पत्नी की मौके पर ही मौत हो गई । इधर घटना की रिपोर्ट पुत्र ने शंकरगढ़ थाने में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने पति के विरूद्ध हत्या का मामला दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से उसे रामानुजगंज जेल में भेज दिया। 20 जुलाई को अचानक तबियत खराब होने पर उसे केन्द्रीय जेल भेज दिया गया। केन्द्रीय जेल से उसे उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

## मैनाट का मनमोहक नजारा...



**अम्बिकापुर।** पिछले दो दिनोंसे हो रही झमाझम बारिश ने जहां सरगुजा को तरबतर किया है वहीं मैनपाट की खुबसूरती भी इन दिनों अपने परवान पर है। बादलों के जमीन पर उतरने से मैनपाट का नजारा बदल गया है।

### नदी-नाले उफान पर, सड़कों पर तेज रफ्तार पानी बहने के कारण घंटों आवागमन बाधित

# चक्रवाती परिसंचरण के प्रभाव से 12 घंटे में 113 मिमी वर्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**

- तेज बारिश होने पर होगी भारी समस्या
- दूरस्थ क्षेत्रों का बुराहाल

बीती रात हुई झमाझम बारिश से सरगुजा के सभी नदी-नाले उफान पर हैं। कई स्थानों पर पुल-पुलियों के ऊपर से बाढ़ का पानी बहने के कारण घंटों आवागमन बाधित रहा। बीती रात 12 घंटे के भीतर 103.3 मिमी जबकि पिछले 24 घंटे के भीतर 116.6 मिमी वर्षा रिकॉर्ड की गई है। मौसम विज्ञानी बंगाल की उत्तरी खाड़ी के ऊपर सक्रिय चक्रवाती परिसंचरण के प्रभाव से आगे भी अच्छी वर्षा होने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं।

खाड़ी में सक्रिय कम दबाव का क्षेत्र अभी भी प्रभावी है तथा इसके प्रभाव से पिछले एक सप्ताह से लगातार वर्षा हो रही है। मंगलवार को चक्रवाती परिसंचरण के उत्तर छत्तीसगढ़ के निकट केंद्रित होने के कारण बीती रात झमाझम बारिश हुई। मंगलवार को देर शाम शुरू हुई वर्षा बुधवार को सुबह तक जारी रही। मौसम कार्यालय द्वारा पिछले 12 घंटों में 103.3 मिमी वर्षा जबकि बुधवार की शाम पिछले 24 घंटे में 116.6 मिमी वर्षा रिकॉर्ड की गई है। मौसम विज्ञानी के अनुसार चक्रवाती परिसंचरण अब धीरे-धीरे मध्यप्रदेश की ओर बढ़ रहा है। हालांकि बुधवार को पूरे दिन आसमान पर घने बादल छाए रहे तथा रूक-रूक कर हल्की वर्षा होती रही। मौसम कार्यालय द्वारा दिन में 13.3 मिमी वर्षा रिकॉर्ड की गई है। पिछले 24 घंटों में हुई 116.6 मिमी वर्षा के बाद अब जुलाई की बारिश का आंकड़ा पूरा हो गया है। सरगुजा में जुलाई में औसत 400 मिमी वर्षा होती है। बुधवार को हुई वर्षा से बारिश का आंकड़ा 432 मिमी पहुंच गया है जो सामान्य से 32 मिमी अधिक है। शेष बचे दिनों में जून की शेष वर्षा के भी पूरा होने की संभावना जताई जा रही है। मौसम विज्ञानी बंगाल की खाड़ी के ऊपर सक्रिय चक्रवाती परिसंचरण के प्रभाव से आगामी दिनों में भी वर्षा होने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं।



मोटरसायल लेकर बरगा नदी पार करते ग्रामीण।

### ग्राम रसौकी बना टापू

पिछले दो दिनों से हो रही झमाझम बारिश से दूरस्थ चांदनी-बिहारपुर क्षेत्र से गुजरने वाली बरगा नदी उफान पर है। भारी बारिश के कारण बरगा नदी का पानी चारो तरफ भर गया है तथा नदी में बाढ़ आने के कारण बिहारपुर-रसौकी मार्ग से आवागमन पूरी तरह से ठप हो गया है। बरगा नदी बिहारपुर-रसौकी मार्ग पर अलग-अलग चार स्थानों से गुजरती है। नदी के ऊपर पुल नहीं बनने के कारण ग्राम रसौकी चारो तरफ से नदी के पानी से घिर गया है। ग्राम उमझर तक पीएमजीएसवाय की सड़क है लेकिन कई बार स्वीकृति मिलने के बावजूद ग्राम रसौकी तक सड़क नहीं बन सकी है। आवागमन बंद होने के कारण स्कूल-कॉलेज के विद्यार्थियों एवं मरीजों का आवागमन मुश्किल हो गया है।

### उफान पर कनहर नदी

बलरामपुर सहित आसपास के क्षेत्रों में लगातार बारिश होने के कारण रामानुजगंज में कनहर नदी उफान पर है। बीती रात हुई भारी बारिश होने के बाद नदी का जलस्तर बढ़ गया है। नदी का पानी सीमावर्ती वार्डों के निकट तक पहुंच गया है। नदी के जलस्तर में और अधिक वृद्धि होने पर सीमावर्ती क्षेत्र के वार्डों एवं निचली बस्तियों में पानी भरने का खतरा बढ़ गया है। स्थिति को देखते हुए नपं द्वारा हर स्थिति से निपटने की तैयारियां की गई है।

### सूरजपुर में 192 मिमी वर्षा

बीती रात सूरजपुर जिलान्तर्गत तहसील क्षेत्र लटोरी में 97.3 मिमी, बिहारपुर में 67.4 मिमी, प्रेमनगर में 68.3 मिमी, रामानुजनगर में 76.4 मिमी, सूरजपुर में 192.0 मिमी, कुसमी में 48.5 मिमी, कोरिया जिलान्तर्गत सोनहत में 77.1 मिमी वर्षा रिकॉर्ड की गई है।

## कुंजनगर-शिवनन्दनपुर स्थित प्राचीन नाला अतिक्रमण की चपेट में, जल निकासी बाधित होने से डीएमक्यू कॉलोनी के घरों में दो फ़ीट तक घुसा बारिश का पानी





डीएमक्यू कॉलोनी में पानी भरने से परेशान लोग।

- मंगलवार को रात भर जाग कर काटे कॉलोनी वासी, बाल्टी से पानी भरकर घरों से बाहर निकालते रहे
- औराडुग्गु में बिना अनुमति अवैध प्लॉटिंग होने का खामियाजा भुगत रहे डीएमक्यू कॉलोनीवासी

**बिश्रामपुर।** बिश्रामपुर क्षेत्र के शिवनन्दनपुर कुंजनगर के मध्य औराडुग्गु मोहल्ले स्थित वर्षों पुराने प्राकृतिक जल निकासी मार्ग पर हुए कथित अतिक्रमण का खामियाजा अब स्थानीय लोगों को भुगतना पड़ रहा है। एसईसीएल महाप्रबंधक कार्यालय के सामने स्थित डीएमक्यू कॉलोनी से गुजरने वाला प्राचीन नाला लगभग समाप्त होने की स्थिति में पहुंच गया है। पिछले दो दिनों से लगातार हो रही मूसलाधार बारिश के बाद नाले का प्राकृतिक बहाव बाधित होने से बारिश का पानी डीएमक्यू कॉलोनी के कई घरों में 2 फ़ीट तक घुस गया। इससे लोगों को पूरी रात जागकर पानी निकालना पड़ा और घरों में रखा सामान भी पानी में डूब गया।

स्थानीय रहवासियों के अनुसार एसईसीएल की ओसीएम क्वारी से बारिश के दौरान निकलने वाला अतिरिक्त पानी, डीएमक्यू कॉलोनी, रेस्क्यू कॉलोनी, अवराडुग्गू बस्ती और शक्तिनगर कॉलोनी का गंदा पानी वर्षों से इसी प्राचीन नाले के माध्यम से रेल पुल के नीचे से होते हुए एनएच-43 के नाले में पहुंचकर शिवनंदनपुर की ओर बहता था, यही नाला पूरे क्षेत्र की जल निकासी का प्रमुख माध्यम था। रहवासियों का आरोप है कि पिछले सात-आठ वर्षों के दौरान औराडुग्गु क्षेत्र में तेजी से अवैध प्लॉटिंग और जमीन की खरीद-बिक्री हुई, इस दौरान कथित तौर पर नाले की जमीन पर भी प्लॉट काटकर बिक्री कर दी गई और कई स्थायी निर्माण खड़े हो गए। इससे नाले का अस्तित्व धीरे-धीरे समाप्त होता गया और उसका प्राकृतिक बहाव पूरी तरह ब्लॉक हो गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस संबंध में पहले भी कई बार शिकायत की गई थी। राजस्व विभाग ने जांच के दौरान प्राचीन नाले के अस्तित्व को स्वीकार भी किया, लेकिन यह कहते हुए कार्रवाई नहीं की कि नाले का बहाव निजी भूमि से होकर गुजरता है। इसके बाद से समस्या जस की तस बनी हुई है और अब बारिश में इसके दुष्परिणाम सामने आने लगे हैं। कॉलोनीवासियों का यह भी आरोप है कि बारिश शुरू होने से पहले एसईसीएल के सिविल विभाग द्वारा नाले की नियमित सफाई नहीं कराई गई।

इससे नाले में मिट्टी बालू और कचरा जमा होने से पानी की निकासी और अधिक प्रभावित हुई, जिसके कारण थोड़ी ही देर की तेज बारिश में पानी कॉलोनी के भीतर भर गया। रहवासियों के मुताबिक डीएमक्यू कॉलोनी के ग्राउंड फ्लोर के कई आवासों में घुटनों तक पानी भर गया। कई परिवारों को पूरी रात पानी निकालने में बितानी पड़ी। लोगों का कहना है कि अभी तो बारिश की शुरुआत है और यदि समय रहते नाले से अतिक्रमण नहीं हटाया गया तथा जल निकासी की स्थायी व्यवस्था नहीं की गई तो आने वाले दिनों में स्थिति और गंभीर हो सकती है। कॉलोनीवासियों ने शासन-प्रशासन, राजस्व विभाग और एसईसीएल प्रबंधन से मामले को गंभीरता से लेते हुए प्राचीन नाले का सीमांकन कर अतिक्रमण हटाने, नाले की तत्काल सफाई कराने तथा जल निकासी की प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है। उनका कहना है कि समय रहते आवश्यक कदम नहीं उठाए गए तो हर वर्ष बारिश के मौसम में हजारों लोगों को इसी तरह जलभराव और नुकसान का सामना करना पड़ेगा।

### मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री के नाम कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

# निजीकरण के विरोध में स्वास्थ्य कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



प्रांतीय निकाय के आह्वान पर छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के बैनर तले स्वास्थ्य कर्मचारियों ने अपनी विभिन्न लंबित मांगों एवं स्वास्थ्य विभाग में संभावित निजीकरण, आउटसोर्सिंग तथा ठेका प्रथा के विरोध में प्रदर्शन किया। विरोध प्रदर्शन में बड़ी संख्या में स्वास्थ्यकर्मियों ने रैली निकालकर मुख्यमंत्री, स्वास्थ्य सचिव के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।

कर्मचारियों ने वर्ष 2023 के अनिश्चितकालीन कामबंद आंदोलन के पश्चात शासन द्वारा दिए गए आश्वासनों को शीघ्र पूरा करने के साथ ही पुनरीक्षित वेतनमान लागू करने, स्वास्थ्य विभाग में निजीकरण, आउटसोर्सिंग एवं ठेका प्रथा पर रोक लगाने, एक पाली में ओपीडी संचालन, आधार आधारित उपस्थिति प्रणाली में व्यावहारिक सुधार, पदनाम परिवर्तन, रेडिएशन भत्ता, जोखिम भत्ता, स्वास्थ्य संस्थाओं में कर्मचारियों हेतु आवास की व्यवस्था, समय पर पदोन्नति एवं समयमान वेतनमान, संविदा कर्मचारियों के लिए नियमित भर्ती में 50 प्रतिशत पद आरक्षित करने, समान कार्य के लिए समान वेतन तथा स्वास्थ्य आयोग के गठन की मांग को प्रमुखता से उठाया। आंदोलन में छत्तीसगढ़ प्रदेश सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी संघ ने भी सहभागिता निभाई। पदाधिकारियों ने बताया कि भारत सरकार की आयुष्मान भारत हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर ऑपरेशन गाइडलाइन के अनुसार सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों के लिए 25,000 प्रतिमाह निश्चित मानदेय एवं कार्य आधारित प्रोत्साहन राशि का प्रावधान है। साथ ही राज्य स्वास्थ्य समिति की शासी निकाय द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 की वार्षिक कार्ययोजना में वेतनमान पुननिर्धारण संबंधी प्रस्ताव को अनुमोदित किया जा चुका है, किंतु आज तक इस संबंध में काई आदेश जारी नहीं किया गया है।

# भूस्वामियों का प्रदर्शन, सात घंटे बंद रहा एसईसीएल जीएम कार्यालय

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनगरा



महामाया ओपन कास्ट परियोजना से प्रभावित नगर पंचायत जरही तथा ग्राम पंचायत दूरती और मरहट्टा सेंधोपारा के भूस्वामियों ने मंगलवार को अपनी लंबित मांगों को लेकर एसईसीएल भटगांव क्षेत्र के मुख्य महाप्रबंधक कार्यालय के सामने प्रदर्शन किया। रोजगार, विस्थापन और पुनर्वास की मांग को लेकर सैकड़ों प्रभावितों ने कार्यालय के दोनों मुख्य प्रवेश द्वार पर धरना देकर करीब सात घंटे तक कार्यालय का घेराव किया जिससे पूरे दिन कार्यालय का कामकाज ठप रहा। कार्यालय समय समाप्त होने के बाद अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बाहर निकलने में भी काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।

आंदोलन का असर कोयला उत्पादन और परिवहन पर भी देखने को मिला। प्रदर्शनकारियों ने मुख्य मार्ग पर धरना देकर करीब दो घंटे तक कोयला परिवहन रोक दिया जिससे सड़क पर कोयला वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और परिवहन व्यवस्था प्रभावित रही। इस दौरान भूस्वामियों ने एसईसीएल प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए लंबित मांगों के तत्काल निराकरण की मांग की। प्रदर्शन कर रहे भूस्वामियों का आरोप था कि परियोजना के लिए उनकी जमीन अधिग्रहित किए जाने के वर्षों बाद भी कई पात्र परिवारों को रोजगार, पुनर्वास और विस्थापन का लाभ नहीं मिला है। एसईसीएल प्रबंधन ने कई बार लिखित आश्वासन दिए, लेकिन आज तक किसी भी आश्वासन पर ठोस अमल नहीं हुआ। इससे प्रभावित परिवारों में आक्रोश व्याप्त है। आंदोलन की पूर्व सूचना मिलने के कारण प्रशासन ने सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए थे। थाना प्रभारी बृजेश सिन्हा पुलिस बल के साथ मौके पर मौजूद रहे। पुलिस की सतर्कता के चलते प्रदर्शन शांतिपूर्ण रहा। मौके पर पहुंचे नायब तहसीलदार ने भूस्वामियों और एसईसीएल प्रबंधन के अधिकारियों के बीच चर्चा कराई। उन्होंने कंपनी अधिकारियों को लंबित मांगों पर शीघ्र कार्रवाई करते हुए निर्धारित समय-सीमा में समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक के बाद एसईसीएल अधिकारियों ने नायब तहसीलदार की मौजूदगी में मांगों पर जल्द कार्रवाई का आश्वासन दिया, जिसके बाद आंदोलन को समाप्त किया। हालांकि भूस्वामियों ने चेतावनी दी कि यदि तय समय के भीतर रोजगार, पुनर्वास और विस्थापन से जुड़े मामलों का समाधान नहीं हुआ तो वे भविष्य में उग्र आंदोलन करेंगे।

## खबर संक्षेप



### आनी में न्यौता भोज का आयोजन

**बैकुण्ठपुर।** कलेक्टर रोक्तिमा यादव के मार्गदर्शन में ग्राम आनी स्थित शासकीय हाई स्कूल, पूर्व माध्यमिक एवं प्राथमिक शाला में जिला आबकारी अधिकारी रमेश अग्रवाल ने अपने जन्मदिन के अवसर पर न्यौता भोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के लगभग 120 छात्र-छात्राओं को पौष्टिक न्यौता भेजा का लाभ लिया। इस अवसर पर अग्रवाल ने विद्यार्थियों संवाद करते हुए नियमित अध्ययन, शुद्ध लेखन का अभ्यास, अनुशासन, स्वच्छता तथा प्रतिदिन विद्यालय आने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा, अनुशासन और अच्छे संस्कार ही उज्वल भविष्य की मजबूत नींव हैं। इस अवसर पर अध्ययनरत मेधावी छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें टी-शर्ट, कैप एवं अन्य प्रोत्साहन सामग्री वितरित की गई।

### सेवा सेतु पोर्टल के माध्यम से बना जाति प्रमाण पत्र

**बैकुण्ठपुर।** शासन की डिजिटल पहल सेवा सेतु पोर्टल आम नागरिकों को त्वरित, सरल और पारदर्शी सेवाएं उपलब्ध कराने में प्रभावी साबित हो रही है। जिला कोरिया के ग्राम सरभोका के निवासी मुकेश कुमार इसका एक प्रेरक उदाहरण हैं। मुकेश कुमार ने सेवा सेतु पोर्टल के माध्यम से जाति प्रमाण पत्र के लिए ऑनलाइन आवेदन किया। उनके आवेदन का निराकरण मात्र दो दिन में करते हुए जाति प्रमाण पत्र जारी कर दिया गया। मुकेश कुमार ने बताया कि पहले ऐसे कार्यों के लिए कई बार कार्यालय जाना पड़ता था, जिससे समय और श्रम दोनों खर्च होते थे।

### नवनियुक्त पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण कल

**मनेन्द्रगढ़।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय, मनेन्द्रगढ़ में 24 जुलाई शुक्रवार को किशोर/कन्या भारती के मनोनीत पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया जाएगा। विद्यालय प्रबंधन द्वारा जारी आमंत्रण पत्र के अनुसार कार्यक्रम दोपहर 1:30 बजे से प्रारंभ होगा, जिसमें नवचयनित छात्र पदाधिकारी अपने दायित्वों का विधिवत शपथ ग्रहण करेंगे। विद्यालय परिवार ने इस अवसर पर सभी आमंत्रित अतिथियों, अभिभावकों एवं शुभचिंतकों से कार्यक्रम में गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराने का आग्रह किया है। समारोह का उद्देश्य विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, अनुशासन, उत्तरदायित्व तथा संगठनात्मक भावना का विकास करना है, ताकि वे विद्यालय और समाज के प्रति अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक निर्वहन कर सकें। शपथ ग्रहण के दौरान विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक एवं प्राचार्य की उपस्थिति में छात्र-छात्राओं को उनके दायित्वों का बोध कराया जाएगा। कार्यक्रम में विद्यालय की विभिन्न इकाइयों के पदाधिकारियों को उनके पद की शपथ दिलाई जाएगी। तथा उनसे विद्यालय की गरिमा बनाए रखने, अनुशासन का पालन करने और अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत बनने का संकल्प दिलाया जाएगा।

### बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी सम्मानित

**बैकुण्ठपुर।** शासकीय आदर्श कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बैकुंठपुर में बुधवार को 'लज्जा-अशोक कुमार अलंग स्मृति सम्मान समारोह -2026' गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। समारोह में बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को पदक, स्मृति-चिह्न, प्रशस्ति-पत्र एवं उपहार प्रदान कर सम्मानित किया गया। यह आयोजन शिक्षा के क्षेत्र में प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने की अनूठी परंपरा का दसवां वर्ष रहा। समारोह के मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त कमिश्नर डॉ. संजय अलंग थे। विशिष्ट अतिथियों में जिला शिक्षा अधिकारी जितेंद्र गुप्ता, विद्यालय के प्राचार्य अमृत लाल गुप्ता, शासकीय रामानुज उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य के.के. टोप्पो, पूर्व प्राचार्य उमाशंकर शुक्ला, वरिष्ठ व्यवसायी श्रीप्रकाश जायसवाल एवं शंकर सुमन मिश्रा उपस्थित रहे।

### बदहाली पर आंसू बहा रहा छरछा मिडिल स्कूल

# वनकर्मी के क्वार्टर में पढ़ रहे 38 बच्चे



वन विभाग के क्वार्टर में लग रहा स्कूल।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

प्रदेश सरकार जहां शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने और सरकारी स्कूलों के कायाकल्प के लिए लाखों करोड़ों रुपए खर्च करने का दावा कर रही हैं, वहीं कोरिया जिले में एक ऐसा विद्यालय भी है जहां बच्चे आज भी सुरक्षित और सुविधाजनक भवन के लिए इंतजार कर रहे हैं।

जिला मुख्यालय बैकुण्ठपुर से करीब 8 किलोमीटर दूर बैकुण्ठपुर-सोनहत मुख्य मार्ग पर स्थित ग्राम छरछा का शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय पिछले एक साल से अपने मूल भवन में संचालित नहीं हो पा रहा है। जर्जर हो चुके स्कूल भवन से बच्चों को हटाकर अब वन विभाग के वर्षों से खाली पड़े एक छोटे सरकारी आवास में कक्षाएं लगाई जा रही हैं। जानकारी के अनुसार छरछा स्थित शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय भवन का लंबे समय से रखरखाव और मरम्मत नहीं होने के कारण भवन धीरे-धीरे जर्जर होता गया। स्थिति यह हो गई कि भवन के अंदर कमरों की छत का प्लास्टर उखड़कर गिरने लगा। ऐसे में कभी भी दुर्घटना की आशंका को देखते हुए स्कूल प्रबंधन ने बीते वर्ष मूल भवन में कक्षाओं का संचालन बंद कर दिया। बच्चों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए विद्यालय को अस्थायी रूप से पास में स्थित वन विभाग के कर्मचारियों के लिए बनाए गए खाली सरकारी क्वार्टर में शिफ्ट कर दिया गया। लेकिन यह वैकल्पिक व्यवस्था अब स्थायी परेशानी बन चुकी है। सरकारी आवास में स्कूल, सुविधाओं के नाम पर केवल खानापूर्ति वनकर्मी के लिए बनाए गए छोटे से आवास में मिडिल स्कूल संचालित होने के कारण विद्यार्थियों और शिक्षकों को कई समस्याओं से जूझना पड़ रहा है। आवास में प्रवेश करते ही छोटे कमरे को कार्यालय बनाया गया है, जबकि दूसरे कमरे में कक्षा छठवीं से आठवीं तक के विद्यार्थियों को बैठाकर पढ़ाया जा रहा है। एक ही कमरे में तीन कक्षाओं का संचालन होने से पढ़ाई प्रभावित हो रही है। विद्यार्थियों को बैठने के लिए पर्याप्त जगह नहीं मिलती, वहीं शिक्षकों को भी अलग-अलग कक्षाओं को पढ़ाने में परेशानी होती है।

■ एक कमरे में तीन कक्षाएं, बरसात में पानी के बीच पहुंचते हैं विद्यार्थी

#### बरसात में पानी के बीच स्कूल पहुंच रहे बच्चे

बरसात के मौसम में विद्यालय तक पहुंचना भी विद्यार्थियों के लिए चुनौती बन गया है। स्कूल के मुख्य प्रवेश द्वार के पास पानी भर जाने से बच्चों को जलभराव के बीच से होकर गुजरना पड़ता है। वहीं विद्यालय परिसर में खेल मैदान सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं का भी अभाव बना हुआ है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बच्चों को बेहतर शिक्षा देने के लिए केवल शिक्षक पर्याप्त नहीं हैं, बल्कि सुरक्षित भवन और जरूरी सुविधाएं भी जरूरी हैं। लंबे समय से भवन की समस्या का समाधान नहीं होने से अभिभावकों में भी नाराजगी है।

#### नए भवन निर्माण का भेजा गया प्रस्ताव

शिक्षा विभाग के अधिकारियों के अनुसार छरछा मिडिल स्कूल भवन की छत का प्लास्टर गिरने की स्थिति में पहुंच गया था, जिसके कारण बच्चों की सुरक्षा को देखते हुए वैकल्पिक व्यवस्था की गई है। नए भवन निर्माण के लिए प्रस्ताव बनाकर भेजा गया है। स्वीकृति मिलने के बाद जल्द ही आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल सवाल यहीं है कि शिक्षा के अधिकार और सुरक्षित स्कूलों की बात करने वाले सिस्टम में छरछा जैसे विद्यालयों को नया भवन कब मिलेगा, ताकि बच्चे सरकारी क्वार्टर नहीं बल्कि अपने सुरक्षित स्कूल भवन में पढ़ाई कर सकें।

#### 38 बच्चों की पढ़ाई चार शिक्षकों के भरोसे

शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय छरछा में वर्तमान में कक्षा छठवीं से आठवीं तक कुल 38 विद्यार्थी दर्ज हैं। इन बच्चों के लिए चार शिक्षक पदस्थ हैं। विद्यार्थियों की संख्या के हिसाब से शिक्षकों की उपलब्धता पर्याप्त है, लेकिन भवन और सुविधाओं की कमी के कारण शिक्षा व्यवस्था प्रभावित हो रही है।

# बारिश में टपकती छत, अंधेरे में पढ़ाई



**बिजुरी।** अनूपपुर जिले के अंतिम छोर पर स्थित बिजुरी क्षेत्र के अर्जुनघाट शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय की बदहाल स्थिति एक बार फिर ग्रामीण अंचलों की शिक्षा व्यवस्था की हकीकत बयां कर रही है। आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र के इस विद्यालय में अध्ययनरत लगभग एक सौ छात्र-छात्राएं जर्जर भवन में अपनी जान जोखिम में डालकर शिक्षा ग्रहण करने को विवश हैं।

बरसात के मौसम में विद्यालय की छतें कई स्थानों से टपकती हैं, जिससे कक्षाओं में पानी भर जाता है और बच्चों को भीगते हुए पढ़ाई करनी पड़ती है। लगातार भीगने के कारण विद्यार्थियों के बीमार पड़ने का खतरा भी बना रहता है, वहीं जर्जर छत के किसी भी समय गिरने की आशंका से शिक्षक और अभिभावक चिंतित हैं। विद्यालय में बिजली की सुविधा नहीं होने के कारण बारिश या बादल छाने पर कक्षाओं में अंधेरा छा जाता है। ऐसे में बच्चों को खिड़कियां खोलकर प्राकृतिक रोशनी के सहारे पढ़ाई करनी पड़ती है। हालांकि खुली खिड़कियों से बरसाती कीड़े-मकोड़े और अन्य जीव-जंतु कक्षाओं में प्रवेश कर जाते हैं, जिससे विद्यार्थियों की सुरक्षा पर भी खतरा मंडराता रहता है। ग्रामीणों का कहना है कि विद्यालय भवन की मरम्मत और बिजली की व्यवस्था को लेकर कई बार संबंधित विभाग के अधिकारियों को अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई। परिणामस्वरूप विद्यार्थियों को प्रतिदिन कठिन परिस्थितियों में शिक्षा ग्रहण करनी पड़ रही है।

■ अर्जुनघाट के आदिवासी बच्चों की शिक्षा पर संकट

# संपूर्ण स्वच्छता के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी



कलेक्टर श्रीमती रोक्तिमा यादव के निर्देशन में कोरिया जिले के सभी ग्राम पंचायतों में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 को लागू किया गया है। इसके अंतर्गत सभी ग्राम पंचायतों में स्वच्छता के मानकों के अनुसार आवश्यक स्वच्छता के लिए ठोस अपशिष्ट के पृथक्करण व प्रबंधन की व्यवस्थाएं की जा रही हैं।

इस कड़ी में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी योगेन्द्र श्रीवास ने जिले की सभी जनपद पंचायतों को ठोस अपशिष्ट प्रबंधन (एसडब्ल्यूएम) नियम-2026 का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक ग्राम पंचायत में घर-घर से कचरे का पृथक संग्रहण, गीले एवं सूखे कचरे का स्त्रोत पर पृथक्करण तथा अपशिष्ट का वैज्ञानिक तरीके से प्रबंधन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि वर्षा जल की प्रत्येक बूंद का संरक्षण कर उसे अधिक से अधिक भू-जल पुनर्भरण (रिचार्ज) करना अभियान का मुख्य उद्देश्य हैं। जब हमारे भू-जल स्तर में वृद्धि होगी तभी जल संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा तथा भविष्य की जल आवश्यकताओं की पूर्ति में सहायता मिलेगी, इसलिए शासन द्वारा संचालित मोर गांव मोर पानी महाभियान को और तेज करते हुए सभी जनपद पंचायतों को मिशन मोड में सामुदायिक सोख्ता गड्ढों का निर्माण कार्यों की गुणवत्ता एवं समय-सीमा का विशेष ध्यान रखते हुए शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने सभी जनपद पंचायतों को निर्देशित किया कि ग्राम पंचायतों में कार्यरत महिला स्वच्छतावाहियों को आवश्यक सुरक्षा किट उपलब्ध कराई जाए तथा सुरक्षित कार्य वातावरण सुनिश्चित किया जाए, जिससे वे सुरक्षित एवं प्रभावी ढंग से अपने दायित्वों का निर्वहन कर सकें। उन्होंने कोरिया वासियों से पूरे क्षेत्र की स्वच्छता में सहभागी होने का आह्वान करते हुए कहा कि प्रत्येक परिवार यह ठान लें कि अब किसी भी प्रकार का कचरा खुले में नहीं फेकेंगे, इससे स्वच्छता का एक बड़ा चरण स्वमेव पूरा हो जाएगा। सभी नागरिक अपने घरों में ही गीले एवं सूखे कचरे का पृथक्करण करें और सार्वजनिक स्थानों, सड़क, पक्की नालियों, नदी-नालों एवं खाली भूमि पर कचरा नहीं फेंकने का संकल्प लें।

■ ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश

### ऑपरेशन सिपाही रक्षा-सूत्र अभियान से जुड़े लोग

**मनेन्द्रगढ़।** भारतीय सेना के वीर जवानों के प्रति सम्मान और राष्ट्रभक्ति की भावना को मजबूत करने के उद्देश्य से संचालित ₹ऑपरेशन सिपाही रक्षा-सूत्र₹ अभियान में अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए भाजपा महिला मोर्चा ने जिलेवासियों से आगे आने की अपील की है।



भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष प्रतिमा पटवा एवं जिला संयोजक सुनीता शाह ने संयुक्त रूप से जारी अपील में कहा कि यह अभियान छत्तीसगढ़ की पावन मिट्टी, बहनों के स्नेह और प्रदेशवासियों की शुभकामनाओं को देश की सीमाओं पर तैनात वीर सैनिकों तक पहुंचाने का एक अनूठा प्रयास है। उन्होंने बताया कि अब तक इस अभियान के माध्यम से 27 लाख 92 हजार से अधिक भारतीय सैनिकों को छत्तीसगढ़ की पवित्र मिट्टी से तिलक कर ₹सिपाही रक्षा-सूत्र₹ सेना मुख्यालय तक सम्मानपूर्वक और निःशुल्क पहुंचाया जा चुका है। इस वर्ष भी अभियान प्रारंभ हो चुका है और सभी विद्यालयों, मातृशक्ति, बहनों, युवाओं तथा समाज के प्रत्येक वर्ग से इसमें बढ़-चढ़कर भाग लेने का आग्रह किया गया है।

# जनकपुर के नए बस स्टैंड में कीचड़ ही कीचड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ जनकपुर

लाखों रुपए खर्च कर बनाया गया जनकपुर का नवीन बस स्टैंड आज बदहाली और अव्यवस्था की तस्वीर पेश कर रहा है। बरसात शुरू होते ही पूरा बस स्टैंड कीचड़ और जलभराव की चपेट में आ गया है। हालात ऐसे हैं कि यात्रियों को बस तक पहुंचने के लिए कीचड़ से होकर गुजरना पड़ रहा है।

नगर पंचायत की लापरवाही के चलते यह सार्वजनिक सुविधा केंद्र अब लोगों के लिए परेशानी का कारण बन गया है। प्रतिदिन हजारों यात्री, जिनमें महिलाएं, बुजुर्ग, स्कूली छात्र-छात्राएं और ग्रामीण क्षेत्र से आने वाले लोग शामिल हैं, कीचड़ और फिसलन के बीच अपनी जान जोखिम में डालकर सफर करने को मजबूर हैं। बस स्टैंड की स्थिति देखकर ऐसा लगता है मानो वर्षों से यहां किसी तरह का रखरखाव ही नहीं किया गया हो। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह समस्या हर साल बरसात में सामने आती है, लेकिन नगर पंचायत केवल दावे करती है। न तो जल निकासी की स्थायी व्यवस्था की गई और न ही समय रहते गिट्टी, मुरूम या मरम्मत का कार्य कराया गया। नतीजा यह है कि बस स्टैंड दलदल में तब्दील हो गया है और यात्रियों की परेशानियां लगातार बढ़ रही हैं। लोगों का आरोप है कि नगर पंचायत के जिम्मेदार अधिकारी केवल कागजों में विकास के दावे कर रहे हैं, जबकि जमीनी हकीकत पूरी तरह अलग है। यदि समय रहते रखरखाव और जल निकासी की व्यवस्था की गई होती, तो आज हजारों यात्रियों को इस दुर्दशा का सामना नहीं करना पड़ता। स्थानीय नागरिकों ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी से तत्काल बस स्टैंड परिसर की सफाई, प्रभावी जल निकासी, गिट्टी-मुरूम डालकर मार्ग को समतल करने और स्थायी समाधान की मांग की है। लोगों का कहना है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो जन आंदोलन भी किया जा सकता है।




### सड़कों पर मवेशियों का डेरा...

**बैकुण्ठपुर।** बरसात के सीजन में मवेशी सड़कों पर रहते है इसके चलते हादसों का खतरा बना रहता है। शहर क्षेत्र से लेकर शहर के बाहरी मुख्य मार्ग में प्रतिदिन सड़क पर मवेशी का डेरा दिखाई देता है।



### घरेलू खपत के बाद बची हुई यूनिट के नगदीकरण से होगा दोहरा लाभ

# घरेलू ऊर्जा का बेहतर विकल्प है पीएम सूर्यघर बिजली योजना

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर



आज ऊर्जा संकट के बीच हमारे घरों में नियमित बिजली के लिए सौर ऊर्जा सबसे बेहतर विकल्प है। जरूरत है कि हम इसे आगे बढ़ाते हुए अपने अपने घरों में उपयोग करें। प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना इसका सबसे सुंदर और सफल माध्यम हो सकता है।

कलेक्टर कोरिया रोक्तिमा यादव ने जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान दोनों जनपद की मैदानी टीम को संबोधित करते हुए ज्यादा से ज्यादा घरों में प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के लिए आम नागरिकों को प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए। इस दौरान जिला पंचायत कोरिया के मुख्य कार्यपालन अधिकारी योगेंद्र श्रीवास और सहायक संचालक आशीष सिंह उपस्थित रहे। सभाकक्ष में विद्युत विभाग के कार्यपालन अभियंता ने जानकारी देते हुए बताया कि यह योजना ग्रामीण और शहरी क्षेत्र के लिए समान रूप से लागू है। एक हितग्राही द्वारा अपने घर की छत पर लगने वाले एक किलो वाट के सोलर प्लांट को स्थापित करने में आने वाला खर्च लगभग 70 हजार रुपए है। इस राशि का नब्बे प्रतिशत राशि बैंक से आसान ऋण प्राप्त कर लगाई जा सकती है और उसके साथ हितग्राहियों को केवल दस प्रतिशत राशि ही स्वयं वहन करना होगा। प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना में केंद्र सरकार और राज्य सरकार द्वारा अलग अलग अनुदान राशि भी प्रदान की जा रही है। यदि कोई हितग्राही अपने घर पर एक किलोवाट का सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित करवाते हैं तो उन्हें केंद्र सरकार द्वारा 30 हजार तथा राज्य सरकार द्वारा 15 हजार रुपए अनुदान राशि भी प्रदान की जा रही है। इस तरह से आवेदक को मात्र 30 हजार रुपए ही लगेंगे और यह बेहद आसान किस्तों में जमा कर सकते हैं। कलेक्टर कोरिया रोक्तिमा यादव ने कहा कि यह योजना प्रत्येक परिवार के लिए बेहद लाभदायक है। सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित करवाते ही बिजली बिल शून्य हो जाएगा और आपके घर से उत्पादित होने वाली बिजली में घरेलू खपत के बाद बची हुई बिजली यूनिट की राशि भी विभाग द्वारा साल दर साल आपको सीधे खाते में प्रदान कराई जाएगी।

# ऑनलाइन सुरक्षा एवं साइबर जागरूकता कार्यक्रम



**बैकुण्ठपुर।** कलेक्टर रोक्तिमा यादव के निर्देशानुसार एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग, कोरिया के मार्गदर्शन में तथा जिला मिशन समन्वयक दीपिका पटेल के नेतृत्व में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत शासकीय हाई स्कूल गढ़तर में ऑनलाइन सुरक्षा एवं साइबर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को इंटरनेट, सोशल मीडिया एवं डिजिटल भुगतान प्लेटफॉर्म का सुरक्षित उपयोग करने के साथ-साथ फिशिंग, लॉटरी फ्रॉड, पहचान चोरी जैसे साइबर अपराधों से बचाव के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। उन्हें सुरक्षित डिजिटल आदतें अपनाने के लिए प्रेरित करते हुए मजबूत पासवर्ड का उपयोग करने, सभी महत्वपूर्ण खातों में टू-फैक्टर ऑथेंटिकेशन या लॉग-इन वेरिफिकेशन सक्रिय रखने, संदिग्ध लिंक पर क्लिक न करने तथा किसी भी व्यक्ति के साथ ओटीपी, पिन और पासवर्ड साझा नहीं करने की सलाह दी गई।

## खबर संक्षेप



### शासकीय कन्या उमा विद्यालय में शाला प्रबंधन समिति का गठन

**बिश्रामपुर।** शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिश्रामपुर में छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार अभिभावकों की आमसभा आयोजित कर शाला प्रबंधन समिति (एसएमसी) का गठन किया गया,निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान सर्वसम्मति से श्यामा पाण्डेय को समिति का अध्यक्ष एवं अंजू ताम्रकार को उपाध्यक्ष चुना गया,इसके साथ ही अन्य सदस्यों का भी चयन किया गया,बैठक में उपस्थित अभिभावकों ने ध्वनिमत से अध्यक्ष पद के लिए श्यामा पाण्डेय के नाम का समर्थन किया,समिति में नियमानुसार 50 प्रतिशत महिला एवं 50 प्रतिशत पुरुष सदस्यों को शामिल किया गया। बैठक के बाद स्वास्थ्य विभाग की टीम ने उपस्थित महिलाओं और अभिभावकों को सर्वाइकल कैंसर से बचाव संबंधी जानकारी दी। चिकित्सकों ने एचपीवी टीकाकरण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए 14 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुकी बालिकाओं को समय पर टीका लगवाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्राचार्य आशीष भट्टाचार्य ने सभी अभिभावकों एवं नवगठित समिति के सदस्यों का आभार व्यक्त किया तथा विद्यालय के सर्वांगीण विकास के लिए सामूहिक सहयोग का संकल्प दोहराया।

### नवनियुक्त नामांकित पार्षदों का कराया गया शपथ ग्रहण



**लखनपुर।** नगर पंचायत कार्यालय के सभाकक्ष में नव नियुक्त नामांकित पार्षदों को शपथ ग्रहण करवाया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम दिवंगत वार्ड क्रमांक 14 के पार्षद बघोलन राम के आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन धारण किया गया। तत्पश्चात मुख्य नगरपालिका अधिकारी विधासागर चौधरी द्वारा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसडीएम राम राज सिंह का स्वागत किया गया। नव नियुक्त ऐल्डरमैन दिनेश गुप्ता, प्रदीप गुप्ता एवं श्रीमती मालती कश्यप को अध्यक्ष श्रीमती सावित्री दिनेश साहू द्वारा स्वागत किया गया। एसडीएम राम राज सिंह द्वारा तीनों नामांकित पार्षदों को शपथ ग्रहण करवाया गया। शपथ ग्रहण पश्चात प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के हितग्राहियों को अध्यक्ष एवं पार्षदों द्वारा भवन अनुज्ञा प्रदान की गई। इस दौरान दिनेश बारी, दिनेश साहू, समीम खान, गायत्री सचिन बंसल एवं शिवराज सिंह, राजेन्द्र जायसवाल, सुरेन्द्र साहू, प्रदीप कुमार एक्का सहित नगर पंचायत के सभी कर्मचारी उपस्थित रहे।

### निधन




**सरजू सिंह सिसोदिया**

**अम्बिकापुर।** शहर के केदारपुर निवासी सरजू सिंह सिसोदिया का बुधवार की शाम निधन हो गया वे 98 वर्ष के थे तथा कुछ दिनों पूर्व तक पूरी तरह स्वस्थ एवं सक्रिय थे। वे सेंट्रल बैंक के पूर्व प्रबंधक स्व.अमरजीत सिंह सिसोदिया के पिता थे। उनका अंतिम संस्कार गुरूवार को सुबह शंकरघाट मुक्तिधाम में किया जाएगा तथा उनकी अंतिम यात्रा केदारपुर स्थित उनके निवास से सुबह 9 बजे निकलेगी।

## आए दिन लग रहा जाम

# बघिमा मंदिर से ग्रामीण बैंक बरियों तक मिट्टी डालने से सड़क बनी मुसीबत



कीचड़ से बाइक निकालते ग्रामीण।

### लोगों को जल्द मिलेगी राहत, सुधार कार्य शुरू



ग्राम बरियों के समीप निर्माणाधीन सड़क के कारण मुख्य मार्ग पर कीचड़ एवं दलदल की स्थिति बनने संबंधी पर कलेक्टर श्रीमती चंदन संजय त्रिपाठी ने तत्काल संज्ञान लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी करते हुए लोगों की आवागमन सुविधा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। संबंधित एसडीओ द्वारा मौके पर जीएसबी का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है, ताकि मार्ग को सुगम एवं सुरक्षित बनाया जा सके तथा आवागमन में हो रही असुविधा का शीघ्र समाधान हो सके। एसडीओ श्री निखिल लकड़ा ने बताया कि पुल-पुलिया के समीप एप्रोच रोड पर डब्ल्यूएमएम लेयर का कार्य शेष है। बारिश के कारण मिट्टी का कार्य कराया जाना संभव नहीं है। मौसम अनुकूल होते ही मिट्टी हटाकर डब्ल्यूएमएम का कार्य प्राथमिकता के साथ कराया जा रहा है, ताकि मार्ग पर आवागमन पूरी तरह सुचारू रहे और लोगों को परेशानी न हो।

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

राष्ट्रीय राजमार्ग 343 के निर्माण में अनियमितताओं को लेकर एक बार फिर स्थानीय लोगों में आक्रोश देखने को मिल रहा है। बघिमा मंदिर से लेकर ग्रामीण बैंक बरियों तक सड़क निर्माण के दौरान निर्धारित मानकों के अनुरूप डब्ल्यूएमएम की परत नहीं डालकर चिकनी मिट्टी डालने का आरोप लगाया गया है। बारिश के बाद पूरा मार्ग दलदल में तब्दील हो गया है, जिससे रोजाना जाम की स्थिति बन रही है और दोपहिया वाहन चालक फिसलकर घायल हो रहे हैं।

**खास बात**
- बाइक सवार हो रहे हादसे का शिकार

भारतीय जनता पार्टी बरियों मंडल अध्यक्ष जितेंद्र जायसवाल ने ग्रामीणों के साथ मौके का निरीक्षण कर निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल उठाए। आरोप है कि संबंधित अधिकारी और निर्माण एजेंसी की मिलीभगत के कारण मानकों की अनदेखी की जा रही है, जिसका खामियाजा लोगों को भुगतना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क निर्माण के दौरान जहां डब्ल्यूएमएम की मजबूत परत डाली जानी चाहिए थी, वहां चिकनी मिट्टी डाल दी गई। लगातार हो रही बारिश के कारण मिट्टी कीचड़ में बदल गई है जिससे वाहन फंस रहे हैं और लंबा जाम लग रहा है। स्कूल जाने वाले बच्चों, मरीजों और रोजाना आवागमन करने वाले लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार पिछले कई दिनों से इस मार्ग पर बाइक सवार फिसलकर गिर रहे हैं। कई लोगों को चोटें भी आई हैं, लेकिन इसके बावजूद न तो निर्माण एजेंसी ने सुधार कार्य किया और न ही जिम्मेदार अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। मंडल अध्यक्ष जितेंद्र जायसवाल ने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग जैसे महत्वपूर्ण मार्ग के निर्माण में यदि गुणवत्ता से समझौता किया जाएगा तो इसका सीधा असर लोगों की सुरक्षा पर पड़ेगा।

ग्रामीणों ने बताया कि बारिश के दौरान सड़क पूरी तरह फिसलन भरी हो जाती है। कई बार एंबुलेंस और अन्य आवश्यक सेवाओं के वाहन भी जाम में फंस जाते हैं। ऐसे में गंभीर मरीजों को अस्पताल पहुंचाने में भी कठिनाई होती है। लोगों का कहना है कि सड़क निर्माण शुरू होने के बाद से उन्हें राहत मिलने के बजाय और परेशानी झेलनी पड़ रही है। ग्रामीणों ने मांग की है कि बघिमा मंदिर से ग्रामीण बैंक बरियों तक सड़क की तकनीकी जांच कराई जाए। यदि निर्माण में अनियमितता पाई जाती है तो संबंधित ठेकेदार और जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाए। साथ ही निर्धारित मानकों के अनुसार डब्ल्यूएमएम डालकर सड़क को तत्काल दुरुस्त कराया जाए, ताकि लोगों को सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिल सके।



## भैंसा मुंडा महानदी पुल की आधी-अधूरी मरम्मत अब राहगीरों के लिए बनी खतरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

अंबिकापुर–बनारस मुख्य मार्ग पर स्थित भैंसा मुंडा महानदी पुल की बदहाल स्थिति ने एक बार फिर राहगीरों के लिए मुश्किलें बढ़ा दी है। पुल सड़क की जर्जर हालत को लेकर की गई शिकायतों के बाद कलेक्टर रैना जमील के निर्देश पर तीन-चार दिन पहले पुल की मरम्मत का कार्य शुरू कराया गया था। स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि ठेकेदार ने कलेक्टर के निर्देशों को गंभीरता से लेने के बजाय केवल खानापूर्ति करते हुए मरम्मत कार्य पूरा दिखा दिया।

ग्रामीणों के अनुसार पुल पर मौजूद दर्जनों गहरे और जानलेवा गड्ढों में से केवल कुछ गड्ढों में ही सामग्री डालकर औपचारिकता निभाई गई, जबकि अधिकांश गड्ढे आज भी जस के तस बने हुए हैं। लगातार बारिश के कारण इन गड्ढों में पानी भर गया है, जिससे वाहन चालकों को उनकी गहराई का अंदाजा नहीं लग पाता जिससे हर समय दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। लोगों को कहना है कि मरम्मत कार्य तकनीकी मानकों के अनुरूप नहीं कराया गया। प्रशिक्षित मिस्त्रियों के बजाय सामान्य मजदूरों से काम कराकर गुणवत्ता से समझौता किया गया, जिसका परिणाम यह है कि पुल की स्थिति में कोई खास सुधार दिखाई नहीं दे रहा है। भैंसा मुंडा महानदी पुल अंबिकापुर–बनारस मुख्य मार्ग का अत्यंत व्यस्त पुल है जहां से प्रतिदिन बड़ी संख्या में दोपहिया, चार पहिया और भारी वाहन गुजरते हैं। ऐसे में पुल पर बने गहरे गड्ढे किसी भी समय बड़े सड़क हादसे का कारण बन सकते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते स्थायी एवं गुणवत्तापूर्ण मरम्मत नहीं कराई गई तो कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि कलेक्टर के स्पष्ट निर्देशों के बावजूद संबंधित ठेकेदार ने लापरवाही बरती और सरकारी आदेश की भी अनदेखी की। इसे लेकर क्षेत्र में भारी आक्रोश व्याप्त है। लोगों ने पूरे मामले की तकनीकी जांच कर दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने तथा पुल की गुणवत्ता मानकों के अनुसार दोबारा मरम्मत कराने की मांग की है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र ही पुल की स्थायी मरम्मत नहीं कराई गई और जानलेवा गड्ढों को पूरी तरह नहीं भरा गया तो वे आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे।

## निर्माणाधीन राष्ट्रीय राजमार्ग 343 की हालत दयनीय, रोज जाम से लोग हलाकान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलरामपुर

निर्माणाधीन एनएच 343 की हालत दिन प्रतिदिन खराब होती जा रही है। हालात ऐसे हैं कि कहीं न कहीं प्रतिदिन जाम लग रहा है जिससे राहगीर सहित क्षेत्र के लोग काफी हलकान है।

मंगलवार की देर रात जिला मुख्यालय से लगभग 6 किलोमीटर दूर ओरा झरिया घाट के पास फिर से लंबा जाम लग गया। मालगाड़ी, यात्री बस सहित बड़ी संख्या में वाहनों की लंबी लाइन लग गई। इधर जाम लगने की खबर लगते हैं यातायात विभाग की हाईवे पेट्रोलियम की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और लगभग 4 घंटे की लंबी मशक्कत के बाद जाम में काबू पाया और सभी वाहनों को गंतव्य तक भेजा। रात लगभग 9 बजे से जाम लगा था जो रात के लगभग 1 बजे बजे बहाल हो सका। इसी बीच चार घंटे तक यात्री वहां परेशान रहे। बसों में कई यात्री ऐसे थे जिन्हें दूसरे राज्य जाना रहता है और वहां से ट्रेन पकड़ने के लिए लंबी दूरी जाना रहता है। यात्रियों ने बताया कि चार घंटे लेट होने की वजह से ट्रेन दूसरे राज्य से निकल गई। देरी हो जाने के कारण अब अपने गंतव्य एक दिन बाद पहुंच सकेंगे। जंगल में जाम लगने की वजह से खाने पीने सहित आवश्यक वस्तुओं के लिए भी यात्री परेशान रहे। राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण में देरी और घटिया निर्माण के वजह से औसत हर दूसरे दिन जिले भर में कहीं न कहीं जाम लगता है। जाम से निपटने के लिए कुछ ऐसे सार्थक उपाय पहले से नहीं किए गए जिससे लोग परेशान है। लोगों का कहना है कि पहले से निर्माण हुए सड़क को भी ठेकेदार द्वारा काट दिया गया जिसकी वजह से गाड़ी आने जाने में परेशानी हो रही है और जो सड़क बनाया जा रहा है वह अभी बना ही नहीं है जिसका खामियाजा लोगों को भुगतना पड़ रहा है।



## घर में काम करने वाली किशोरी से युवक ने किया दुष्कर्म, अपराध दर्ज

**अम्बिकापुर।** घर में काम करने वाली किशोरी का युवक ने न सिर्फ जबरन अश्लील वीडियो दिखाया बल्कि मारपीट की धमकी देकर जबरन दुष्कर्म किया। पीड़ित के परिजन के रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध दुष्कर्म का मामला दर्ज किया है।जानकारी के अनुसार कोतवाली अंतर्गत शहर से लगे गांव की एक 15 वर्षीय किशोरी गांव में ही तरूण जायसवाल के यहां काम करती थी। किशोरी घरेलू काम करने के अलावा तरूण के यहां भोजन भी बनाती थी। 20 जुलाई की शाम किशोरी तरूण के यहां काम करने गई थी। इसी दौरान तरूण ने उसे भोजन बनाने की बात कही। इसी बीच किशोरी के काम पर जाने काफी समय हो गया तो पिता ने अपनी दूसरी बेटी को बुलाने के लिए भेजा। जिस पर तरूण ने भोजन बनाने की बात कहकर किशोरी की बहन को वापस घर भेज दिया। इसी बीच तरूण किशोरी को अपने कमरे में जबरन ले गया और पहले अश्लील वीडियो दिखाया फिर उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया। किशोरी ने घर आकर घटना की जानकारी परिजन को दी। परिजन ने आज घटना की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध धारा 65(1), 4,6 के तहत अपराध दर्ज किया है।

## ग्राम मानी में पीएम फसल योजना हेतु जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**बिश्रामपुर।** ग्राम मानी के सीएससी सेंटर में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कृषि विस्तार अधिकारी नील कमल मिश्रा, फसल बीमा योजना के जिला समन्वयक अतुल यादव, ब्लॉक प्रतिनिधि राजा मंडल विशेष रूप से उपस्थित रहे,कार्यक्रम में उपस्थित सभी किसान भाई-बहनों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के लाभ, पात्रता, आवश्यक दस्तावेज तथा बीमा कराने की प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी गई,साथ ही सभी किसानों से निर्धारित अंतिम तिथि से पूर्व अपनी फसलों का बीमा कराने का आग्रह किया गया, ताकि वे योजना के लाभ से वंचित न रहें।




TOP IN SURGUJA

GURUKRIPA COLLEGE — ADMISSION GUIDENS 2026-27 — SC/ST/OBC FEE Discount 20%

| SN. | Cours | Duration | Qualification |
|---|---|---|---|
| 1. | BMLT (बेचलर ऑफ मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 3 Year | 12th Bio |
| 2 | DMLT (डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 2 Year | 12th Bio |
| 3. | B.Sc Nursing (बेचलर ऑफ साइंस) | 4 Year | 12th Bio |
| 4. | OT (ऑपरेशन थियेटर असिस्टेंट) | 2 Year | 12th Bio |
| 5. | B. PHARMA, D. PHARMA (डिप्लोमा इन फार्मेसी) | 4 & 2 Year | 12th Bio & Maths |

Kamla Complex, Nehru Chowk, Bilaspur 07752-796378, 9329528463, 9329536742

गायत्री हॉस्पिटल — MULTISPECIALITY HOSPITAL — CREATING HEALTHY TOMORROW
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.) | 9424250281 | 8120906000 | 8120809000 |
हमारी सेवाएं: गर्भावस्था की सम्पूर्ण देखभाल, सुरक्षित प्रसव सुविधा, बांझपन परामर्श एवं उपचार, पीसीओडी/पीसीओएस उपचार
समय :- सुबह 11:00 बजे से शाम 05 बजे तक
अब महिलाओं की हर समस्या का सम्पूर्ण समाधान !
DR. SONAL DUBEY MBBS, MS

सरगुजा मार्केट

डॉ. शिवानी सिंघल — MBBS, MD Pediatrics
OPD समय: सुबह 10:00 बजे – 2:00 बजे, शाम 5:00 बजे – 7:00 बजे
प्रकाश हॉस्पिटल — मो. 9713667433, 9617247433

सरगुजा के सर्वप्रथम स्पाईन एवं ब्रेन विशेषज्ञ — डॉ.अमित मुखर्जी — M.S.Mch Neuro Mumbai
दिनांक - 26 जुलाई 2026, दिन - रविवार
विद्या डायग्नोस्टिक — दर्रीपारा अम्बिकापुर, छ.ग. मो :- 7587722255

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
सेक्टर -7 B कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003 | सिटी सेन्टर- कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666 | भिलाई सेन्टर-नेहरू नगर (पूर्व), एसबीआई बैंक के पास, भिलाई(छ.ग.) 95224 66605

भास्कर आई केयर — कालामोतिया नजर चुराता है और दर्द भी नही होता!
प्रदेश के प्रसिद्ध ग्लूकोमा विशेषज्ञ द्वारा सम्पूर्ण कालामोतिया जांच एवं उपचार
डॉ. दिलीप लालवानी — नेत्र रोग विशेषज्ञ
EYE PRESSURE (IOP) • GONIOSCOPY • OCT & FIELD TEST
07714024989 | 9329124989

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज — लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध — बिना आपरेशन के — 25 साल से स्थायी
विश्वास औषधालय — बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870 — समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

आप परेशान क्यों हैं ? वारसी शिफा — खाना खहानी जड़ी-बूटी द्वारा ईलाज
बीमारियों से छुटकारा पाने के लिए मिलिए। परामर्श शुल्क मात्र 500 रु.
मिलने का समय:- सुबह 09 बजे से 5 बजे तक — मो. 9753266386

THE LOTUS CONSULTANCY JABALPUR — INVITES YOU ALL FOR 2026-27
LOW PACKAGE/MERIT / MANAGEMENT/NRI — MBBS | BDS | MS | MD | BE | B.TECH
ADMISSION STARTED — ANU SHARMA 9109920477

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
मूत्र रोग एवं सर्जरी • किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज • प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज • यौन संबंधी समस्याएं • महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर — 9827144197, 9827144777
DR. ABHISHEK GAWRI — MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

## खबर संक्षेप



### पीएम की मां के विरूद्ध गलत टिप्पणी पर हुई एफआईआर

**अम्बिकापुर।** भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने कोतवाली थाना पहुंच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सार्वजनिक रूप से सोशल मीडिया पर गाली देने के मामले में शरद सिन्हा के नेतृत्व में ज्ञापन सौंप प्राथमिकी दर्ज कराया। शरद सिन्हा ने बताया कि प्रधानमंत्री की दिवंगत माँ को सोशल मीडिया पर सार्वजनिक तौर पर गाली देना आरोपी की मानसिकता को दर्शाता है। सोशल मीडिया पर विकास सिन्हा नाम के व्यक्ति द्वारा इस प्रकार का कृत्य सार्वजनिक रूप से किया गया है जिसके खिलाफ युवा मोर्चा द्वारा आवेदन देकर एफआईआर दर्ज कराया गया है एवं कार्रवाई की मांग की गई है। इस दौरान मनोज सोनी, मयंक जायसवाल, वेदांत तिवारी, अंशुल श्रीवास्तव, दीपक यादव, वीर सोनी, अंकित तिर्की, प्रिंस चौबे, रोहित कुशवाहा, विष्णुदेव पाण्डेय आदि उपस्थित थे।

### बाड़ी की जोताई को लेकर विवाद, टांगी-डंडे से हमला करने वाले तीन गिरफ्तार

**राजपुर।** ग्राम बुढाबगीचा में बाड़ी की जुताई को लेकर हुए विवाद तथा टांगी-डंडे से हमला करने के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।



आरोपियों को न्यायालय पेश किया गया जहां से तीनों को जेल भेज दिया गया है। घटना में एक व्यक्ति के सिर पर टांगी लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया है। पुलिस के मुताबिक प्रवीण रावत ने 22 जुलाई को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि सुबह करीब 6.30 बजे ट्रैक्टर से बाड़ी की जुताई कर रहा था। इसी दौरान उसकी मौसी कमलपति सार्थी ने जुताई करने से मना किया। बात बढ़ने पर कुछ देर बाद सुख सागर उर्फ कमाडो सार्थी, कुरलू उर्फ रमेश सार्थी तथा कमलपति सार्थी एकजुट होकर डंडा और टांगी लेकर पहुंचे और पिता देवराज, माता श्यामपति और भाइयों राम व अनुराग के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट की। हमले में देवराज के सिर पर टांगी लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गए। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी। विवेचना के दौरान पुलिस ने घायलों का चिकित्सीय परीक्षण कराया तथा साक्ष्यों और आरोपियों के कथनों के आधार पर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त टांगी और डंडा भी जब्त किया है। पुलिस ने आरोपियों को न्यायालय पेश किया जहां से तीनों को जेल भेज दिया गया है।

### प्राथमिक शाला लाइनपारा में कराया गया न्योता भोज



**शंकरगढ़।** शंकरगढ़ अंतर्गत ग्राम दुर्गापुर के प्राथमिक शाला लाइनपारा में न्योता भोजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राथमिक शाला के साथ-साथ माध्यमिक शाला लाइनपारा दुर्गापुर के छात्र-छात्राएं भी शामिल हुए। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में आपसी भाईचारा, सामाजिक समरसता एवं सामूहिक सहभागिता की भावना को बढ़ावा देना था। न्योता भोज में विद्यार्थियों एवं उपस्थित अतिथियों, शिक्षक, जनप्रतिनिधि एवं अभिभावक एक साथ बैठकर भोजन ग्रहण किया। संकुल प्राचार्य ओमप्रकाश तिवारी, माध्यमिक शाला की प्रधान पाठिका अंजना एक्का, प्राथमिक शाला की प्रधान पाठिका कमली बाई, संकुल समन्वयक, प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं, ग्राम पंचायत दुर्गापुर के सरपंच सीखना राम, पंचगण एवं बड़ी संख्या में पालक उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला के शिक्षक सुदीप तिर्की, अमनदीप मिंज, संतोष कुमार यादव, कमली बाई, मधुमीता घोष, मनोज एक्का सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं सक्रिय रहे।

## आधा दर्जन मकानों को हुई क्षति

# लगातार मूसलाधार बारिश में एफसीआई गोदाम की दीवार का बड़ा हिस्सा गिरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

लगातार हो रही मूसलाधार बारिश के बीच सोमवार देर रात करीब डेढ़ बजे बिश्रामपुर रेलवे स्टेशन के समीप स्थित भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) के गोदाम परिसर की बाउंड्री वाल का बड़ा हिस्सा अचानक भरभराकर गिर गया। हादसे में दीवार से सटे करीब आधा दर्जन मकानों को क्षति पहुंची है, जबकि एफसीआई परिसर का बारिश का पानी तेज बहाव के साथ लोगों के घरों में घुस गया, जिससे रातभर प्रभावित परिवारों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

**खास बात**
- बड़ी दुर्घटना टली, हो सकता था हादसा

घटना के बाद मंगलवार सुबह प्रभावित परिवारों ने मुआवजे की मांग को लेकर एफसीआई कार्यालय पहुंचकर विरोध प्रदर्शन किया। सूचना मिलने पर एसडीएम सूरजपुर शिवानी जायसवाल, तहसीलदार लटोरी चंद्रशिला जायसवाल, नायब तहसीलदार पिलखा मीना सिंह, पटवारी राजेश साहू सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि मौके पर पहुंचे और प्रभावित परिवारों से मुलाकात कर शासन स्तर पर राहत उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया।



गोदाम की क्षतिग्रस्त दीवार।

**बिना कॉलम व पिलर का सपोर्ट दिए पुरानी दीवार के ऊपर ईंट जोड़कर बढ़ाई गई थी ऊंचाई**

स्थानीय लोगों के अनुसार कोविड काल में केंद्र सरकार द्वारा प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना शुरू किए जाने के बाद बिश्रामपुर स्थित एफसीआई गोदाम को पुनः सक्रिय किया गया था। इसी दौरान परिसर में मरम्मत एवं जीर्णोद्धार कार्य कराए गए। बताया जा रहा है कि वर्षों पुरानी बाउंड्री वाल के ऊपर अतिरिक्त ईंटों की जुड़ाई कर उसकी ऊंचाई बढ़ा दी गई थी, लेकिन इसके लिए पर्याप्त कॉलम और सपोर्ट नहीं दिए गए। इधर बाउंड्री वाल के किनारे बनी नाली की नियमित सफाई नहीं होने तथा परिसर में मिट्टी भराव किए जाने के कारण बारिश का पानी निकासी नहीं हो सका। देर रात तेज बारिश के दौरान नाली जाम होने से पानी का दबाव बढ़ा और दीवार का बड़ा हिस्सा ढह गया।

**आरबीसी 6-4 के तहत मिलेगी मुआवजा सहायता राशि**

प्रशासनिक अधिकारियों ने पूरे मामले की जानकारी सूरजपुर कलेक्टर को भेज दी है। प्रभावित परिवारों को आरबीसी 6-4 के प्रावधानों के तहत नियमानुसार मुआवजा दिलाने की प्रक्रिया शुरू किए जाने का आश्वासन दिया है।इस दौरान मौके पर जिला पंचायत सदस्य कुलेश्वरी कुर्रे के प्रतिनिधि लखन लाल कुर्रे,सरपंच प्रतिनिधि संजू सिंह उपसरपंच मोहम्मद सज्जाद सहित बड़ी संख्या में मोहल्ले व वार्ड के लोग उपस्थित थे।

**घरों में घुसा पानी, सामने का हिस्सा क्षतिग्रस्त**

दीवार गिरते ही उसके समीप बने मकान इसकी चपेट में आ गए। भारी भरकम मलबे से कई घरों के सामने का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं एफसीआई परिसर का जमा पानी सीधे घरों में घुस गया। प्रभावित परिवारों में महबूब, शंकर प्रसाद गुप्ता, बालिका देवी, मनोज, साबरा बेगम, विनोद रवि और रईसुन निशा के नाम शामिल हैं। घटना की सूचना पर एसडीएम सूरजपुर के नेतृत्व में प्रशासनिक अमला घटना स्थल पहुंच पूरी स्थिति देखी। मौके पर निरीक्षण के दौरान एसडीएम शिवानी जायसवाल ने एफसीआई प्रबंधन को गिरी हुई दीवार का मलबा तत्काल हटाने के निर्देश दिए। साथ ही पटवारी को नुकसान का प्रतिवेदन तैयार कर कलेक्टर कार्यालय भेजने तथा पुरानी दीवार के ऊपर बिना पर्याप्त सपोर्ट के ऊंचाई बढ़ाने के मामले की जांच कराने की बात कही है। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने प्राथमिक तौर पर पाया कि दीवार की ऊंचाई नियमों के विपरीत तरीके से बढ़ाई गई थी। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि यह हादसा दिन के समय हुआ होता तो बड़ी जनहानि भी हो सकती थी।

# शुद्ध पेयजल के लिए तरस रहे एसईसीएल कर्मियों के परिवार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र में आवासीय कॉलोनियों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने को लेकर कम्पनी प्रबंधन पर सवाल उठने लगे हैं। कर्मचारियों और कॉलोनीवासियों का आरोप है कि पिछले पखवाड़े भर से अधिक समय से दूषित व मटमैले पेयजल की आपूर्ति हो रही है, जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

- आवासीय कॉलोनियों में दूषित व मटमैले पानी की आपूर्ति से बढ़ रही नाराजगी

बताया जा रहा है कि शिकायत मिलने पर क्षेत्रीय प्रबंधन ने जल्द व्यवस्था सुधारने का आश्वासन दिया था, लेकिन काफी समय बीत जाने के बाद भी स्थिति में अपेक्षित सुधार नहीं हुआ है। कॉलोनीवासियों का कहना है कि प्रबंधन कर्मचारियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के दावे तो करता है, लेकिन पेयजल और साफ-सफाई जैसी मूलभूत सुविधाओं की स्थिति संतोषजनक नहीं है। स्थानीय लोगों के अनुसार कई बार फिल्टर प्लांट की टैंक सफाई का हवाला देकर जलापूर्ति बाधित कर दी जाती है, इसके बावजूद नियमित और शुद्ध पेयजल उपलब्ध



नहीं हो पा रहा है। हालात ऐसे हैं कि कई परिवार नगर पंचायत के बोरिंग और वैकल्पिक जल स्त्रोतों पर निर्भर हैं।इस मुद्दे पर श्रमिक संगठनों की चुप्पी भी चर्चा का विषय बनी हुई है। कॉलोनीवासियों का कहना है कि अन्य मामलों में सक्रिय रहने वाले श्रम संगठन पेयजल जैसी गंभीर समस्या पर खुलकर आवाज नहीं उठा रहे हैं। दूषित पानी की आपूर्ति को लेकर सोशल मीडिया पर भी शिकायतें सामने आ रही हैं, जिससे प्रबंधन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं। कॉलोनीवासियों ने एसईसीएल प्रबंधन से जल्द प्रभावी कदम उठाकर शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने और कॉलोनियों की सफाई व्यवस्था में सुधार की मांग की है।




## लोधिमा में मनाया गया वन महोत्सव, किया गया पौधरोपण

**सूरजपुर।** वन महोत्सव एवं एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत लोधिमा खोपा रोड में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर वनमण्डलाधिकारी डीपी साहू ने कहा कि जिले का लगभग 53 प्रतिशत भू-भाग वनों से आच्छादित है, जो पर्यावरण संतुलन की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने एक पेड़ माँ के नाम अभियान के माध्यम से प्रत्येक नागरिक से अपनी माता के नाम पर पौधा रोपित कर उसके संरक्षण का संकल्प लेने की बात कही। कलेक्टर श्रीमती रेना जमील ने कहा कि पौध रोपण केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के प्रति हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि आज जिन विशाल वृक्षों की छाया और फलों का लाभ हमें मिल रहा है, वे हमारे पूर्वजों द्वारा लगाए गए पौधों का परिणाम हैं। उन्होंने सभी लोगों से निकट भविष्य को सुरक्षित, स्वच्छ एवं हरित बनाने के लिए अधिक से अधिक पौधारोपण करने तथा प्रत्येक पौधे के संरक्षण और नियमित देखभाल का संकल्प लेने की बात कही। प्रेमनगर विधायक भूलन सिंह मरावी ने कहा कि पौधा लगाने के साथ उनकी सुरक्षा और देखभाल भी उतनी ही आवश्यक है। उन्होंने लोगों से फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण कर इस अभियान को जनआंदोलन बनाने कहा। कार्यक्रम के दौरान सभी अतिथियों एवं जनप्रतिनिधियों ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान जिपं अध्यक्ष श्रीमती चंद्रमणी देवपाल सिंह पैकरा, जिपं सदस्य श्रीमती योगेश्वरी राजवाड़े, जनपद अध्यक्ष श्रीमती स्वाति संत सिंह, नपा उपाध्यक्ष शैलेश अग्रवाल, शशिकांत गर्ग, संदीप अग्रवाल सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

## छात्रों पर लाठीचार्ज के विरोध में एनएसयूआई ने किया विरोध प्रदर्शन

**सूरजपुर।** देशभर में लगातार हो रहे पेपर लीक कांड,बदहाल शिक्षा व्यवस्था और दिल्ली के जंतर-मंतर पर अपनी जायज मांगों को लेकर शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे निर्दोष छात्र-छात्राओं पर हुए बर्बर लाठीचार्ज के विरोध में आज एनएसयूआई जिलाध्यक्ष आकाश साहू के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन कर केंद्र सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। एनएसयूआई जिलाध्यक्ष आकाश साहू ने बताया कि युवाओं एवं छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ किया जा रहा है। साथ ही लाठी के दम पर छात्रों की आवाज दबाने का प्रयास किया जा रहा है। देश में शिक्षा व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है। नीट सहित अन्य राष्ट्रीय प्रतियोगी परीक्षाओं के पेपर बार-बार लीक हो रहे हैं जिससे सालों तक कड़ी मेहनत करने वाले लाखों होनहार छात्रों का भविष्य अंधकार में डूब गया है। छात्र अपने अधिकारों और शिक्षा व्यवस्था में सुधार के लिए दिल्ली के जंतर-मंतर पर शांतिपूर्ण ढंग से आवाज उठा रहा था तब केंद्र सरकार ने संवाद कायम करने के बजाय पुलिस के बल पर उन पर लाठियां बरसाईं। एनएसयूआई ने मांग किया कि देश की सभी राष्ट्रीय व राज्यस्तरीय प्रतियोगी परीक्षाओं की निष्पक्ष जांच हो तथा पेपर लीक माफियाओं पर गैर-जमानती धाराओं के तहत तत्काल सख्त कार्रवाई की जाए। इस दौरान मनोज डालमिया, जफर हैदर, विष्णु कसेरा,नीरज तायल,नैतिक अग्रवाल,अनुराग डालमिया,लक्ष्मण राजवाड़े,सैयद नदीम, कौनेन अंसारी, राजेश साहू, रूद्र प्रताप सिंह, शिवम साहू, युवध सिंह, हिमाचल राजवाड़े, अफरोज अंसारी, अमित पैकरा, सिकन्दर अली, यश साहू, कबीर देवांगन, शिव राजवाड़े, अफरोज खान, सुमंत राजवाड़े, आशीष कुशवाहा, समीर सोनी, भानु, विवेक सिंह, जितेन्द्र, कृष्णा सिंह, रमेश साहू, सुरेंद्र राजवाड़े, सम्मेद सिंह, देवनाथ सिंह, सुंदर सिंह, सैयद याशीर, शादाब खान, देव सिंह, आलोक, कमलकांत साहू, आशीष साहू, नितेश सिंह, अमन खान, आलोक साहू, अंकित जायसवाल, समीर सिंह, दुर्गेश उपाध्याय, कन्हैया साहू, गोलू देवांगन एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## प्रदर्शन में शामिल होने मित्र के साथ जंतर मंतर जा रहे बाइक सवार सड़क हादसे का शिकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

दिल्ली के जंतर-मंतर पर कॉकरोच जनता पार्टी के बैनर तले नीट परीक्षा में कथित अनियमितताओं एवं पेपर लीक समेत केंद्रीय शिक्षामंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर चल रहे विरोध प्रदर्शन में शामिल होने जा रहे युवक की सड़क हादसे में मौत हो गई। युवक अपने साथी के साथ प्रदर्शन में शामिल होने बाइक से दिल्ली जा रहा था तभी उत्तरप्रदेश के अलीगढ़ में सड़क हादसे का शिकार हो गए। घटना के बाद यूपी सरकार की मदद से एम्बुलेंस युवक का शव लेकर उसके गृहग्राम पहुँची। जहां बड़े गमगीन माहौल में युवक का अंतिम संस्कार किया गया। घटना के बाद गांव में शोक का माहौल है।

- दुर्घटना में एक युवक की गई जान दूसरे की हालत गंभीर



जानकारी अनुसार शनिवार की रात 9 बजे ग्राम आरा मिट्ठुपारा निवासी दीपक सिंह कुसरो (26 वर्ष) अपने साथी पत्थलगांव भाथुडांड़ निवासी सूरजभान कुसरो आ. सुदेशन कुसरो के साथ बाइक से दिल्ली जाने निकले थे। दिल्ली पहुंचने के बाद दोनों जंतर मंतर पर कॉकरोच जनता पार्टी के बैनर तले चल रहे नीट परीक्षा में अनियमितता एवं पेपर लीक समेत शिक्षामंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर चल रहे धरना प्रदर्शन में शामिल होने वाले थे। इसी बीच सोमवार की सुबह करीब अलीगढ़ में अज्ञात कार ने बाइक को पीछे से टककर मार दी जिससे बाइक सवार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गए। दुर्घटना में बाइक के पीछे बैठा युवक दीपक का सिर डिवाइडर से टकरा गया जिससे गंभीर रूप से घायल हो गया वहीं बाइक चला रहे युवक को भी मामूली चोट आई। घायलों को तत्काल अलीगढ़ के अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उपचार के दौरान घायल दीपक की मौत हो गई। इधर हादसे के बाद अलीगढ़ पुलिस ने युवकों के पास मिले पहचान पत्र और दस्तावेजों के आधार पर उनकी पहचान की। अलीगढ़ पुलिस ने सीतापुर पुलिस से संपर्क कर घटना की जानकारी दी। सीतापुर पुलिस ने ग्राम आरा के सरपंच अजीत तिर्की के माध्यम से मृतक एवं घायल युवक के परिजन को सूचना दी। सूचना मिलते ही मृतक एवं घायल के परिजन अलीगढ़ के लिए रवाना हो गए। वही इस हादसे के बाद यूपी सरकार के सहयोग से मृतक एवं घायल युवक को लेकर एम्बुलेंस सीतापुर के ग्राम आरा के लिए रवाना हुई। पीड़ित परिवार एम्बुलेंस के साथ गृहग्राम आरा पहुंचे। जहां बड़े गमगीन माहौल में मृत युवक का अंतिम संस्कार किया गया।

## घुनघुट्टा बांध लबालब, विभाग कभी भी खोल सकता है गेट

**अम्बिकापुर।** बीती रात हुई भारी बारिश से श्याम घुनघुट्टा सिंचाई बांध लबालब होने की स्थिति में पहुंच गया है। बांध में 85 फीसदी पानी भरने के कारण कभी भी गेट खोलने की स्थिति निर्मित हो सकती है। मंगलवार को श्याम घुनघुट्टा बांध में 65 फीसदी पानी भरा था तथा अधिकारी एक सप्ताह में बांध में क्षमता के अनुसार पानी भरने की संभावना व्यक्त कर रहे थे। बीती रात ही बारिश के बाद बांध में 85 फीसदी पानी भर गया है। अब बारिश होने पर बांध में 90 फीसदी पानी भरने पर कभी भी गेट को खोलने की स्थिति निर्मित हो सकती है। स्थिति को देखते हुए जल संसाधन विभाग द्वारा अमेरा खदान प्रबंधक एवं बिश्रामपुर एसईसीएल महाप्रबंधक कार्यालय सहित आसपास के ग्राम पंचायतों सहित अन्य संबंधित विभागों को सूचना दी गई है। गेट खोलने पर नदी का जलस्तर बढ़ने की स्थिति में प्रभावित क्षेत्र के लोगों को सावधानी बरतने की सलाह दी गई है। बांध का जलस्तर को नियंत्रित रखने की दृष्टि से विभाग भारी बारिश होने पर गेट खोल देता है जिससे नदी में बाढ़ की स्थिति निर्मित हो जाती है।



## झमाझम बारिश से बतौली क्षेत्र स्थित मान नदी उफान पर

**सेदम।** बतौली क्षेत्र मे पिछले तीन दिनों से हो रही झमाझम बारिश से नदी नाले उफान पर है। बारिश के बाद मान नदी का जल स्तर काफी बढ़ गया है जिससे बतौली के सुवारपारा मार्ग को राष्ट्रीय राजमार्ग से जोड़ने वाली पुलिया के ऊपर पानी बहने से क्षेत्र के कई गांवों का संपर्क प्रभावित हो रहा है। ऐसे में ग्रामीण, स्कूली बच्चों, शिक्षकों और राहगीरों को रोजाना भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्र के लोगों ने हल्की बारिश में भी पुलिया के ऊपर से पानी जाने तथा आवागमन में हो रही परेशानियों को लेकर पुल निर्माण की मांग की है जिससे बरसात के मौसम में क्षेत्र के लोगों का राहत मिल सके। ग्रामीणों का कहना है कि पुलिया पर पानी भरने के कारण आवागमन पूरी तरह बाधित हो जाता है।

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

# बिश्रामपुर रेलवे कोल साइडिंग से कोयला डिस्पैच शुरू



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

विगत 8 वर्षों से बंद पड़ी बिश्रामपुर रेलवे साइडिंग में फिर से रौनक लौटी है।करीब 41 करोड़ की लागत से कोल साइडिंग के पुनर्निर्माण कार्य पश्चात पिछले दिनों रेल अधिकारियों द्वारा निरीक्षण कर इसके संचालन की अनुमति प्रदान कर देने के बाद मंगलवार को रेलवे ने यहां पर कोयला लोडिंग के लिए रैक सप्लाई कर दी है जिसके बाद क्षेत्रीय महाप्रबंधक ने साइडिंग में पूजा अर्चना कर रैक लोडिंग का कार्य आरंभ कराया है।

बताया गया कि मध्यप्रदेश इटारसी के खरगोन सुपर थर्मल पॉवर स्टेशन के लिए 58 बोगी वाली रैक सप्लाई की गई है जिसमें माइनस 100 एमएम साइज की जी 6,जी 7 व जी 8 ग्रेड का कोयला रैक से डिस्पैच कर दिया गया।वर्तमान में साइडिंग में अमेरा आमगांव,केतकी और गायत्री खदान का कोयला यहां खदानों से ट्रकों के माध्यम से साइडिंग तक पहुंचाया जा रहा है,बिश्रामपुर क्षेत्र में रेलवे रैक के जरिए कोयला डिस्पैच शुरू होने से खदानों में कोयला स्टॉक में कमी आने के साथ सुरक्षित और पर्यावरण अनुकूल कोल डिस्पैच होगा साथ ही सड़को पर कोल परिवहन का दबाव कम होगा।

**नवीन कोल साइडिंग में 850 मीटर का लंबा प्लेटफार्म**

41 करोड़ की लागत से रेलवे साइडिंग के पुनर्निर्माण कार्य में साइडिंग को पूरी तरह से आधुनिक बनाया गया है,इसमें 850 मीटर लंबा प्लेटफार्म बनाया गया है,साथ ही दो नई लाइन बिछाई गई है जिसमें दोनों छोरों से एक साथ लोडिंग की व्यवस्था बनाई गई है,ताकि तीव्र गति से कोयला परिवहन रेल के जरिए कराई जा सके,साइडिंग के पुनर्निर्माण कार्य से सबसे बड़ा फायदा खदानों में कोयले के उठाव नहीं होने से अधिक भंडारण से आग लगने कोयला चोरी पर काफी हद तक अंकुश लगने की संभावना है, साइडिंग से लोडिंग का कार्य शुरू होने के दौरान क्षेत्रीय महाप्रबंधक संजय सिंह ,एरिया सेल्स ऑफिसर जी किशोर,चरणजीत सिंह सहित क्षेत्रीय अधिकारी साइडिंग का अमला इस दौरान उपस्थित था।

तेज डायग्नोस्टिक
ब्लड बैंक (सेंटर)/ डॉक्टर्स हाउस (A unit of MRM Pvt. Ltd.)
MRI & CT Scan सुविधा उपलब्ध
अत्याधुनिक मशीनों के साथ सटीक, तेज़ और भरोसेमंद जाँच
24/7 डायग्नोस्टिक सेवाएँ
क्योंकि सही समय पर जाँच सही इलाज की पहली ज़रूरत है
अनुभवी रेडियोलॉजिस्ट की देखरेख में हर रिपोर्ट – पूरी सावधानी और मेडिकल एक्सपर्टीज़ के साथ
Tej Diagnostic
अपॉइंटमेंट के लिए संपर्क करें
ब्लड बैंक की सुविधा उपलब्ध
8224007799
7000619700
UNIT-1 बाबूपारा जोड़ा तालाब के सामने, अम्बिकापुर
UNIT-2 रानी तालाब के सामने, अम्बिकापुर

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
30 जुलाई, 13 अगस्त, 03 सितम्बर, 01 अक्टूबर, 19 नवंबर, 17 दिसंबर 2026, 06 जनवरी 2027 (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू ( बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप)
गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल)
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर 18,500/-, 3 एसी 28,500/-, 2 एसी 31,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411